संख्या-79/2018/2202/22-2-2017-17(554)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 18 जनवरी, 2018***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अरूण कुमार दूबे पुत्र श्री कृपाशंकर दूबे, निवासी जनपद-मिर्जापुर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-32186/प्रोबे0-5-द0या0 बैठक 12.07.2017 दिनांक 05.09.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र दिनांक 05.09.2017 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अरूण कुमार दूबे पुत्र श्री कृपाशंकर दूबे, निवासी ग्राम अकसौली, थाना पडरी, जनपद-मिर्जापुर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा जमीन के विवाद को लेकर दिनांक 11.06.1998 को 11 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर हथियारों से मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिए बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-120/2000 में भा0द0वि0 की धारा-148, 307/149, 302/149 के अन्तर्गत मा0 प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, सोनभद्र के आदेश दिनांक 18.04.2007 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 05.10.2012 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 23.02.2017 तक 10 वर्ष 02 माह 14 दिन की अपरिहार एवं 12 वर्ष 01 माह 02 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा, बन्दी की आयु, कारित अपराध की प्रकृति तथा जिला मजिस्ट्रेट /पुलिस अधीक्षक द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी अरूण कुमार दूबे (बन्दी संख्या-73/2015) पुत्र श्री कृपाशंकर दूबे, निवासी-जनपद-मिर्जापुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-79/2018/2202/(1)/22-2-2017, तद्वदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मिर्जापुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in